# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, सोनभद्र वन प्रभाग सोनभद्र।

पत्रांक– 1143 /सोनभद्र/ 33 , दिनांक, राबर्ट्सगंज, नवम्बर 27 ,2021

सेवा में,

**अधिशासी अभियन्ता,**
**पी0एम0जी0एस0वाई खण्ड,**
**लोक निर्माण विभाग, सोनभद्र।**

**विषय–** जनपद–सोनभद्र में पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड लोक निर्माण विभाग सोनभद्र भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (एल0डब्ल्यू0ई0) के अन्तर्गत सुअरसोत खुर्द से सियरिया मार्ग किमी0 0.000 से 19.200 तक के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण हेतु कुल 11. 7900है0 वनभूमि के गैर वानिकी उपयोग के बदले उपलब्ध करायी जा रही गैर वनभूमि के उपयोग हेतु प्रस्ताव के सम्बन्ध में।

जनपद–सोनभद्र में पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड लोक निर्माण विभाग सोनभद्र भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (एल0डब्ल्यू0ई0) के अन्तर्गत सुअरसोत खुर्द से सियरिया मार्ग किमी0 0.000 से 19.200 तक के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण में प्रभावित कुल 11.7900है0 वनभूमि, के गैर वानिकी उपयोग हेतु भारत सरकार की वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन कर प्रस्ताव की 5 प्रतियां इस कार्यालय को उपलब्ध करायी गयी है। उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के भाग–1 में अपलोड की गयी क्षतिपूरक वनीकरण हेतु चयनित गैर वनभूमि (के0एम0एल0 फाइल) तथा आप द्वारा मौके पर चिन्हित कराया गया गैर वन भूमि (के0एम0एल0 फाइल) परस्पर भिन्न है।

अतः विषयक प्रस्ताव मूल में इस आशय से वापस किया जाता है कि प्रभावित हो रहे वनभूमि के बदले उपलब्ध करायी जा रही गैर वन भूमि का दिनांक 07.12.2021 को पुनः स्थलीय सत्यापन कर तद्नुसार संशोधित प्रस्ताव उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

*संलग्नक–उपरोक्तानुसार।*

(संजीव कुमार सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी
सोनभद्र वन प्रभाग सोनभद्र।